आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15 फरवरी 2026 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के तहत सेक्टर एक सौ बयालीस से बॉटेनिकल गार्डन तक लगभग बारह किलोमीटर लम्बे और आठ स्टेशनों वाले विस्तार गलियारे को दी मंजूरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया आभार।
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में जंगल कौड़िया ब्लाक के पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का किया उद्घाटन। कहा– शीघ्र ही वानिकी और उद्यान विश्वविद्यालय का कराया जायेगा निर्माण।
- प्रदेश भर में श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि पर्व। शिव मंदिरों और शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब। प्रयागराज में संगम तट पर श्रद्धालु कर रहे पवित्र स्नान।
- लखनऊ के इकाना स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी का फाइनल मैच आज। उत्तराखण्ड और कर्नाटक के बीच होगा मुकाबला।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के सेक्टर एक सौ बयालीस से बॉटेनिकल गार्डन तक ग्यारह दशमलव छप्पन किलोमीटर लम्बे और आठ स्टेशनों वाले विस्तार गलियारे को मंजूरी दे दी है। इसमें आठ एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस गलियारे के शुरू होने से नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहर में लगभग बासठ किलोमीटर का सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क हो जायेगा। नई दिल्ली में संवाददाताओं को इस फैसले की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि एनसीआर की कनेक्टिविटी में इस परियोजना की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

**नोएडा मेट्रो एक्वा लाइन को एक्सटेंशन किया जाएगा, 2254 करोड़ रूपीस के इन्वेस्टमेंट से। बोटैनिकल गार्डन जो कि राजीव चौक की तरफ जाता है, वह स्टेशन और इधर नोएडा सेक्टर 142 फिर 143, 144 ओवर ऑल एनसीआर की कनेक्टिविटी में इस प्रोजेक्ट की बहुत इंपॉर्टेंस होगी। क्योंकि इन सब जो इस लाइन के साथ कनेक्टेड एरियाज हैं, वह सब के सब डीएमआरसी के ओवरऑल नेटवर्क के साथ जुड़ जाएंगे।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। अपने ट्वीट में श्री योगी ने कहा है कि इससे नोएडा और ग्रेटर नोएडा की कनेक्टिविटी को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना पीड़ितों के लिए नकद रहित उपचार–राहत योजना शुरू करने की मंजूरी दे दी है। इस योजना के अंतर्गत सडक दुर्घटना के पीडित, दुर्घटना की तारीख से सात दिनों तक डेढ लाख रुपये तक का नकदी रहित उपचार प्राप्त करने के पात्र होंगे। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि अस्पतालों को इलाज के खर्च का भुगतान मोटर व्हीकल दुर्घटना कोष से किया जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि कल नई दिल्ली के सेवा तीर्थ से प्रधानमंत्री राहत योजना की शुरुआत नागरिक प्रथम दृ ष्टिकोण को दर्शाती है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में जंगल कौड़िया ब्लॉक के पुनर्निर्मित खंड विकास अधिकारी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य के साथ–साथ वंचित और गरीब वर्ग का कल्याण भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

**सरकार एक सही दिशा में विकास के लिए सोच रही है। विकास भी हो, गरीबों का कल्याण भी हो। हर गरीब के बिना भेदभाव के लिए आवास की सुविधा, शौचालय की सुविधा, राशन की सुविधा, आयुष्मान भारत में ▯5 लाख तक के स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा, वृद्धजन हो, निराश्रित महिलाएं हो, दिव्यांग जन हो, उनके लिए पेंशन की सुविधा, यह सभी सरकार की प्राथमिकता के विषय हैं। सरकार उस दिशा में कार्य कर रही है।**

श्री योगी ने कहा कि जल्द ही वानिकी और हॉर्टिकल्चर विश्वविद्यालय का निर्माण किया जाएगा। और इस विश्वविद्यालय से मिलने वाली डिग्री नौकरी की गारंटी होगी।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलगाडियों के सामान्य डिब्बों की सफाई अब प्रथम श्रेणी के समान की जाएगी। नई दिल्ली में कल रेलवे सुधारों के बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि इस उन्नत सफाई पहल के लिए अगले छह महीने में लंबी दूरी की अस्सी रेलगाडियों की पहचान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन रेलगाडियों में एक से डेढ़ घंटे के अंतराल पर सफाई के लिए समर्पित कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने रेलवे में बड़े सुधार लाने का फैसला किया है। इसके अंतर्गत इस वर्ष बावन हफ्तों में बावन सुधार लागू किए जाएंगे।

**इंडियन रेलवे आज सैकेंड लार्जेस्ट कार्गो कैरियर दुनिया में बन चुकी है और नई जनरेशन की ट्रेन्स नए तरीके से कामकाज वो सब चीजे आने लगी है और 2026 के लिए संकल्प लिया है रेलवे में, 52 रिफॉर्म्स इन 52 वीक्स।**

**********

देवाधिदेव महादेव की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि आज पूरे देश में श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश भर में सभी शिवालयों में आज तड़के से ही भगवान शंकर के दर्शन पूजन करने और जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर काशी विश्वनाथ धाम में कल से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा है। प्रयागराज में आज श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के संगम पर स्नान कर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं।

***प्रदेश के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ नजर आ रही है। भगवान शिव की आराधना करते हुए भक्त गंगा यमुना सरस्वती के संगम पर प्रयागराज में पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। स्नान के बाद भक्त शिव मंदिरों में प्रभु की आराधना कर रहे हैं। शहर के प्रमुख शिव मंदिरों मनकामेश्वर सोमेश्वर और नाग वासुकी मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए हैं। इस स्नान के साथ ही पिछले 2 महीने से संगम पर चल रहा माघ मेला आधिकारिकि तौर पर समाप्त हो जाएगा। इस बीच महाशिवरात्रि पर प्रदेशभर के प्रमुख शिवालयों श्री काशी विश्वनाथ धाम, गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी), लोधेश्वरनाथ (बाराबंकी), झारखण्डी महादेव, मुंजेश्वरनाथ व मुक्तेश्वरनाथ (गोरखपुर), श्रीमार्कण्डेय महादेव (कैथी), श्रीतामेश्वरनाथ (संत कबीर नगर), दुग्धेश्वरनाथ (गाजियाबाद), मेरठ के बाबा औघड़नाथ, अयोध्या के श्रीनागेश्वरनाथ तथा आगरा स्थित बटेश्वर महादेव में लाखों श्रद्धालु दर्शन–पूजन के लिए पहुँचेंगे। हजारों शिव भक्त आज इस मौके पर निकलने वाले शिव बारात में भी हिस्सा लेंगे।***

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कल महाशिवरात्रि के पूर्व संध्या पर गोरखपुर के झारखण्डी महादेव मंदिर और मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पहुंच कर भगवान शिव की पूजा–अर्चना की।

**********

प्रदेश के हथकरघा और वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि राज्य सरकार बुनकरों के हितों के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। लखनऊ में जारी एक बयान में श्री सचान ने कहा कि बुनकरों को बिजली बिलों में रियायत देने के लिये प्रदेश में अटल बिहारी वाजपेयी पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना पिछले तीन वर्षो से लागू है। योजना के तहत पांच किलोवाट तक कनेक्शनों के लिये शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रियायती दरें निर्धारित है। श्री सचान ने बताया कि राज्य में निन्यानबे हजार से अधिक पावरलूम कनेक्शनों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिनमें तकरीबन तिरानबे हजार कनेक्शन पांच किलोवाट श्रेणी के हैं।

**********

बच्चों को खसरा–रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रदेशभर में सोलह से सत्ताइस फरवरी तक पांच से दस वर्ष के सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन लगाई जायेगी। अभियान के क्रम में मिर्जापुर, बुलंदशहर सहित पैंतालीस जिलों में सभी सरकारी, निजी प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य उपकेन्द्रों और मदरसों में एक से पांचवीं कक्षा तक पढ़ रहे सभी बच्चों को खसरा और रूबेला का टीका लगाया जायेगा।

**********

सिद्धार्थनगर जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कल जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न धर्मो और पंथों के तीन सौ अंठावन नये जोड़ों का विवाह कराया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि और स्थानीय सांसद जगदम्बिका पाल ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की यह योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशील सोच का नतीजा है, जिससे समाज के सभी वर्ग लाभांवित हो रहे हैं। इस योजना में प्रत्येक जोड़े के विवाह पर पहले इक्यावन हजार का प्रावधान था, जिसे सरकार ने बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति जोड़ा कर दिया है।

**********

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आज रणजी ट्राफी का सेमीफाइनल मैच खेला जायेगा। सेमीफाइनल में उत्तराखंड और कर्नाटक के बीच मुकाबला होगा।

**********